बुजुर्गों की सेवा की

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने सोमवार को स्वामी ब्रह्मानन्द वृद्धाश्रम में समाजशास्त्र की व्याख्याता डॉ रीना ठाकुर और नीलम जाटोलिया के संरक्षण में बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत करके उनकी सेवा की। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढा व अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढा ने समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं को समाज में जाकर सामाजिक कार्यो में बढ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वृद्धों के लिए फल, खाने-पीने की सामग्री और दीपोत्सव त्यौहार के उपलक्ष पर दीपक और मिठाईयां वितरित की।छात्राओं ने वृद्धाश्रम में जाकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ-सफाई की तथा दीपको को रंग-बिरंगे रंग किए। छात्राओं ने पूरे आश्रम को फूल मालाओं से सजाया जिसे देखकर वृद्धों के मन बहुत हर्षित हुए उन्होंने छात्राओं को जीवन में हमेशा अच्छे काम करने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।वर्तमान समय में सामाजिक मूल्यों की कमी के कारण आजकल की युवा पीढ़ी अपने परिवार के बड़े के बुजुर्गो को कम महत्व दे रही है जिसके कारण वृद्ध आश्रम खुल रहे हैं। शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है जिसके द्वारा युवाओं में सामाजिक मूल्यों का विकास किया जा सके।

आंखों में मिर्च डाल जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

अजमेर। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में गत दिनों एक युवक की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर जानलेवा हमला करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। सोमवार को मामले का खुलासा थाना प्रभारी अरविंद चरण ने किया। मामले में नामजद महिला व उसके बेटे के खिलाफ भी मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना प्रभारी अरविंद चारण ने सोमवार को मामले खुलासा करते हुए मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि माकड़वाली निवासी मेवाराम ने थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया कि उसका भाई खेत से चारा भरकर ट्रैक्टर लेकर माकड़वाली गांव आ रहा था, तभी तीन से चार मोटरसाइकिल पर सवार हो कर आए बदमाशों ने उसका रास्ता रोककर आंखों में मिर्ची डालकर उसके भाई के साथ मारपीट की गई, जिसके हाथ पैर में फ्रेक्चर हो गया था। पीडित् ने मामले में एक महिला गीता गुर्जर पर नामजद

अजमेर क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में युवक जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार किए।

मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए दबिश देकर गांधीनगर द्वारका निवासी नितिन गुर्जर पुत्र रामदेव गुर्जर, रामदेव नगर निवासी कमलेश पुत्र राम रतन सिंह सहित घुघरा निवासी सोनू गुर्जर पुत्र बीरम गुर्जर को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में गीता गुर्जर और उसके पुत्र संवारा गुर्जर का नाम भी सामने आया है, इसे लेकर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी चारण

■ नामजद महिला व बेटे के खिलाफ भी मामला दर्ज

ने बताया कि पुलिस की प्रारंभि जांच में सामने आया आरोपी बिट्टू गुर्जर और उसके साथियों ने वारदात को अंजाम देने एवं अपनी उपस्थिति छुपाने के चलते मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे केसर नाथ का मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीन लिया। बाद में केसर नाथ के मोबाइल नंबर से बार-बार पीडित् नारायण को फोन कर सुनसान जगह बुलाने का प्रयास किया गया, इसके साथ नारायण की रेकी भी की गई। जब पीडित् नारायण अपने खेत से घर जा रहा था तभी उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर जानलेवा हमला किया। पूछताछ में सामने आया आरोपियों ने सुपारी लेकर अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए मारपीट की थी। अनुसंधान की दिशा बदलने की नीयत से मोबाइल छिनने की घटना को अंजाम दिया और मौके पर ही मोबाइल जान बूझ कर छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है, साथ ही अन्य फरार साथी आरोपियों की भी तलाश में जुटी है।

आत्महत्या की

मदनगंज-किशनगढ। हाउसिंह बोर्ड लुहार कॉलोनी निवासी युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक विक्रम लुहार (24) है। इसके माता-पिता बाहर गये हुए थे, पिछे से विक्रम ने घर में फांसी लगाकर इहलीला समाप्त कर ली। आत्महत्या किस कारण से की है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका।

आम सूचना

मेरी सासुजी श्रीमती शांति पत्नी स्व. श्री बंशीलाल जाति रेगर निवासी रेगर मोहल्ला, नयाशहर, किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 21 जुलाई 1997 को हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी- नन्दू देवी पत्नी स्व. शंकरलाल

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम चौरसियावास योजना के आवासीय खसरा संख्या 1662,1663 (स्थित भूखण्ड) के क्षेत्रफल 400 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्री बलवीर सिंह राठौड़ पुत्र श्री मंगल सिंह राठौड़ निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 30.08.2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्री हिमांशु प्रताप सिंह राठौड़ पुत्र स्व. बलवीर सिंह राठौड़ निवासी गुड़गांव (हरियाणा) श्रीमती अर्चना राठौड़ पुत्री स्व. बलवीर सिंह राठौड़ निवासी न्यू देहली श्रीमती हिमश्वेता पुत्री स्व. बलवीर सिंह राठौड़ निवासी करौली (राज.) द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती दिनेश कंवर राजावत पत्नि स्व. बलवीर सिंह राठौड़ निवासी अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 14/10/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत टापरवाड़ा समिति परबतसर, (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक: ग्राप/2024-25/49 दिनांक- 21/10/2024

ई-निविदा सूचना 02-2024-25

ग्राम पंचायत टापरवाड़ा पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल

कार्यालय ग्राम पंचायत ललाणां कलां पंचायत समिति परबतसर, (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक: ग्राप/2024-25/39 दिनांक- 21/10/2024

ई-निविदा सूचना 02-2024-25

ग्राम पंचायत ललाणां कला पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101247 दिनांक- 21/10/2024

लोक सूचना

श्री PRAVEEN KUMAR BAIRVA पुत्र श्री RAMESHWAR LAL जाति BAIRVA निवासी VIP TILONIYA, TEH. KISHANGARH DISTT. AJMER, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य ईकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	फलौदा, किशनगढ़ (अजमेर)	PRAVEEN KUMAR BAIRVA	577/553	1121	0.01121
2.	फलौदा, किशनगढ़ (अजमेर)	PRAVEEN KUMAR BAIRVA	554/62	479	
				कुल	0.0479

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21/10/2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन किशनगढ़ अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांक: 1092 दिनांक: 17-10-2024

जाहिर आम सूचना

आवासन संख्या 1/186, गदी थौरियान, ब्यावर क्षेत्रफल 90.00 व.मी. मूल आवंटी श्री पांचूलाल धाबी पुत्र श्री गंगाराम धोबी को आवंटित कर दिनांक 24.03.2000 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री पांचूलाल धाबी पुत्र श्री गंगाराम धोबी का बैचान जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्रीमती निवेदिता गौड पनि श्री कैलाशनारायण जी शर्मा को कर दिया था। मण्डल द्वारा श्रीमती निवेदिता गौड पत्नि श्री कैलाशनारायण जी शर्मा के पक्ष में दिनांक 30.06.2010 को नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये थे। नियमितीकरण पश्चात् श्रीमती निवेदि गौड पत्नि श्री कैलाशनारायण जी शर्मा द्वारा दिनांक 29.07.2024 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्रीमती निवेदिता गौड पत्नि श्री कैलाशनारायण जी शर्मा द्वारा आवास का बैचान श्रीमती मधु पत्नि श्री हरीकिशन जी को दिनांक 05.09.2024 को निष्पादित की गई जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2408 संख्या पृष्ठ 45 क्रम संख्या 202403003109913 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5167 के पृष्ठ संख्या 483 से 494 पर दिनांक 05.09.2024 को को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती मधु पत्नि श्री हरीकिशन जी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती मधु पत्नि श्री हरीकिशन जी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2023/3601 **आम सूचना** दिनांक : 17.10.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपति / उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	मूल आवंटी/ नामान्तरण	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
298	1. रणजीत सिंह 2. कुशल सिंह सांखला पुत्रगण भंवर लाल सांखला	मानसिंह पुत्र धनराज	आबादी क्षेत्र कुम्हार मौहल्ला बिजयनगर ब्लॉक नं. 14 आबादी प्लाट नं. 2/1 व 2/3	275.44 SQ.YARD	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत अंधेरीदेवरी, पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

क्रमांकः- ग्रा.प/निविदा/2024-25/07 दिनांक 21/10/2024

सीमित निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजनाओं के कार्यो के लिए सीमित निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 24-10-2024 से दिनांक 25-10-2024 तक उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB No.- ZAJ2425AO774 UBN No.- ZAJ2425WSOB00830

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत झांक, पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

सरपंच, ग्राम पंचायत झांक, पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत किराप पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

क्रमांक- ग्रा.पं./निविदा/2024-25/02 दिनांक- 21/10/2024

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर/संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक से दिनांक तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

SR. No.	GP NAME	NIB NO.	UBN NO.
1	KIRAP	ZAJ2425A0773	ZAJ2425WSOB00826
2			ZAJ2425WSOB00827
3			ZAJ2425WSOB00828
4			ZAJ2425WSOB00829

सरपंच, ग्राम पंचायत किराप

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत किराप

पुलिस शहीद दिवस पर शहीदों की नमन

अजमेर, 21 अक्टूबर (कासं)। देश सेवा में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और जवानों की याद में सोमवार को अजमेर पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। डीआईजी ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों की शाहदत को नमन किया।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। आज से 62 वर्ष पूर्व अक्टूबर 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस लाइन के परेड ठाउंड में शोक परेड, पौधारोपण व रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देश सेवा में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और जवानों की याद में पुलिस लाइन में सुबह पुलिस शहीद स्मारक पर डीआईजी ओम प्रकाश पहुंचे। जिला पुलिस के जवानों ने गार्ड आफ ऑनर दिया। इसके पश्चात डीआईजी ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया, पुलिस जवानों ने 3 राउंड फायर करने के बाद शस्त्र झुकाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया। अजमेर रेंज डीआईजी ओम प्रकाश ने शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नाम पढक़र भी सुनाएं। एसपी वंदिता राणा ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

कार्मिकों को दीपावली का तोहफा

अजमेर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य कर्मचारियों को दीपावली के उपहार के रूप में तदर्थ बोनस देने का अनुमोदन करने के बाद अजमेर डिस्कॉम के एमडी के.पी.वर्मा के निर्देश पर अजमेर डिस्कॉम के कर्मचारियों के लिए बोनस के लिए आदेश जारी किए है। सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने बताया कि इस निर्णय से अजमेर डिस्कॉम के हजारों कर्मचारी लाभान्वित होंगे। अजमेर डिस्कॉम के कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के लिए तदर्थ बोनस दिया जाएगा और तदर्थ बोनस की गणना अधिकतम परिलब्धियां 7000 रुपये तथा 31 दिन के माह के आधार पर की जाएगी। तदर्थ बोनस 30 दिन की अवधि के लिए देय होगा। प्रत्येक कर्मचारी को अधिकतम 6774 रुपये तदर्थ बोनस देय होगा और 75 प्रतिशत राशि नकद तथा 25 प्रतिशत राशि कर्मचारी के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी।

किसान महापंचायत 10 नवंबर को

मेडता सिटी। भारतीय किसान यूनियन (मानवता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील रियाड के नेतृत्व में सोमवार राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मेडता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों की लंबी मांगो को लेकर 10 नवम्बर को किसानों की मांगों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील रियाड ने बताया कि किसानों द्वारा अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर लम्बे समय से सघर्ष व शान्तिपूर्वक आंन्दोलन कर रहे है। लेकिन सरकार व प्रशासन ने इनकी समास्याओं का अभी तक समाधान नहीं किया है, उल्टा शान्तिपूर्वक आन्दोलन कर रहे किसानों पर मुदकमें दर्ज किए गए। जिससे दुखी व आक्रोशित किसान 10 नवम्बर 2024, रविवार को सुबह 10 बजे मेला मैदान, पुलिस थाने के पास, नागौर रोड, मेडतासिटी में राजस्थान किसान महापंचायत आयोजित की



किसानों ने मेडता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल को दस सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जायेगी। जिसमें राजस्थान किसानों की मुख्य मुद्दे समास्याएं फसल बीमा क्लेम 2023 की आपत्तियां हटाकर तुरन्त प्रभाव से बीमा क्लेम जारी किया जावे। इस मौके पर शिवदान सिंह राठौड - गगराना, रामजीवन शर्मा पुन्दलू, राजूराम मेहरिया - इन्दावड, रामनाथ मेघवाल जलवाना, रामसुख- ग्राम पंचायत धांधलास, चांद मोहम्मद गौरी- नेतडिया आदि मौजूद थे।

महिला मरीज के गहने व नगदी चोरी

अजमेर। क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में रीढ की हड्डी का ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती महिला मरीज के बैग से 10 लाख के गहने व दो लाख की नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने मामले की जांच हैड कांस्टेबल मोतीराम सौपी है। वैशाली नगर निवासी श्यामसुंदर वर्मा ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर की सुबह लगभग 10:30 बजे पत्नी अनुपमा को रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। भर्ती करवाते समय कान के 2 सोने के टॉप्स, एक अंगूठी, दो सोने की बिछिया, हाथ के सोने के कड़े पत्नी ने पहन रखे थे। वर्मा ने बताया कि 19 अक्टूबर को सुबह 9 बजे उसकी पत्नी ने गहने उतारकर ऑपरेशन रूम में जाने से पहले उसे लाल छोटे बैग में रखा था, बैग में दो लाख रुपए नगदी सहित एसबीआई का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड भी रखा था। बैग को एक काले बैग में रख दिया। ऑपरेशन के बाद उसे दूसरे रूम में शिफ्ट कर दिया। पीडित् वर्मा ने बताया कि 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे उसकी पत्नी ने करवा चौथ पर गहने पहनने के लिए मांगे, जब काले बैग को खोला तो उसमें गहनों से भरा लाल बैग और 2 लाख रुपए गायब थे। उन्होंने रूम में चारों तरफ चेक किया लेकिन कहीं नहीं मिले। पीडित् वर्मा ने बताया कि चोरी हुए गहनों की कीमत 10 लाख रुपए है। क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीडित् वर्मा की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच हेड कांस्टेबल मोतीराम को सौंपी है। पुलिस टीम ने सोमवार को अस्पताल सहित आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की।

आवेदन प्रक्रिया शुरू

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि विभाग में 14 विभिन्न पदनाम के कुल 241 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। आवेदन की अंतिम तिथि 19 नवंबर रात्रि 12 बजे तक हैं। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि कृषि विभाग के लिए राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र के लिए राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ लिपिक वर्गीय और चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें)नियम तथा राजस्थान कृषि सेवा नियम के अन्तर्गत यह भर्ती निकाली। मेहता ने बताया कि सहायक कृषि अधिकारी के 115 पद, सहायक कृषि अधिकारी के 10, स्टैटिकल ऑफिसर के 18 पद पर आवेदन मांगे गए हैं।

'चिकित्सालय में भामाशाहों के सहयोग से मिलेगी सुविधाएं'

अजमेर। जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में भामाशाओं के सहयोग से मरीजों एवं परिजन के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जेएनएन के अधीक्षक डॉ.अरविन्द खरे ने बताया कि चिकित्सालय प्रशासन मरीजों को उपलब्ध सीमित संसाधनों से यथेष्ट उपचार प्रदान कर रहा है। यह सराहनीय है कि विभिन्न दानदाता, एनजीओ तथा अन्य संस्थाएं व्यक्तिगत तौर पर तथा सीएसआर के तहत इस चिकित्सालय को सहयोग कर रहे हैं। अधीक्षक डॉ. खरे ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं, एनजीओ आदि ने एयर कूलर, वाटर कूलर, टैंट उपलब्ध कराए, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रुपए थी, इसी प्रकार एसबीआई बैंक द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत लगभग 4 लाख रुपए की लागत से चिकित्सालय के उद्यान में वाटर हट की स्थापना की थी, इन सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल रहा है। डॉ. खरे ने बताया कि सीएसआर के अन्तर्गत चिकित्सालय में मरीजों तथा उनके परिजनों को स्वाभिमान भोज किचन के पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराये जाने का प्रस्ताव प्रधानाचार्य एवं नियंत्राक मेडीकल कॉलेज अजमेर के माध्यम से रखा है, जिससे मात्र एक रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

अवैध कब्जा हटवाने के लिए पार्षद रलावता का सत्याग्रह

अजमेर, (कासं)। करोड़ों रुपए की सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा किए गए अतिक्रमण सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अजमेर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज पूर्व डिप्टी कमिश्नर व वार्ड संख्या 72 के कांठोसी पार्षद गजेन्द्र सिंह रलावता ने सोमवार को गांधी भवन परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देकर सत्याठाह शुरू किया। पार्षद रलावता ने महापौर ब्रजलता हाड़ा को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देने के साथ ही चेतावनी देते हुए पार्षद ने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो सत्याठाह जारी रहेगा।

सत्याठाह पर बैठे पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता ने नगर निगम मेयर व निगम आयुक्त के खिलाफ आरोप लगाते कहा कि निगम में अंधेरगर्दी का आलम है। उनके वार्ड में भूमाफिया ने सांठ-गांठ कर करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया। निगम की मेयर ब्रज लता हाड़ा और आयुक्त देशल दान को 16 माह पूर्व शिकायत करने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इतना ही नहीं, जिन्होंने जाली दस्तावेज बनाए उस पर भी निगम प्रशासन मेहरबान है। उन्होंने कहा कि भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई करवाने के लिए और नींद उड़ाने के सत्याठाह पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। अगर इस मामले में सकारात्मक कदम नहीं उठे तो सत्याठाह जारी रहेगा। पार्षद रलावता ने महापौर ब्रजलता हाड़ा को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी दिया। पार्षद रलावता ने बताया कि उनके वार्ड 72 के क्षेत्रवासियों ने 16 महीने पहले शिकायत दी की सरकारी जमीन पर जाली दस्तावेज तैयार कर निगम से नक्शा पास करवा लिया। इसके बाद दस्तावेजों के साथ निगम में इसकी शिकायत दी थी। तत्कालीन अधिकारियों ने इसमें जांच कर पता लगाया की खसरा संख्या 2647 नगर सुधार न्यास के नाम से दर्ज है। इसके बाद उसे निरस्त कर दिया। रलावता ने बताया कि बाद में उन्होंने नगर निगम आयुक्त को शिकायत देकर जाली दस्तावेज तैयार करवा कर नक्शा पास करवाने वाले पर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की गई थी। भूमाफिया द्वारा 200 गज का नक्शा पास करवाने के बाद 400 गज पर कब्जा किया गया, उस कब्जे को हटाने की भी मांग की गई।

पार्षदों के जवाब दिए जाए सात दिनों: पार्षदों द्वारा नगर निगम प्रशासन को जो पत्र लिखे जाते है, उनका जवाब 7 दिवस के अन्दर दिलवाने सबंधित आदेश प्रदान करे। राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 52 की बिन्दु से 3 के द्वारा प्रदत पार्षदों को जो शक्ति प्रदान है, जिसके तहत नगर निगम की अभिलेख का निरीक्षण निगम प्रशासन द्वारा 3 दिवस के अन्दर कराया जाए, जिसके आदेश प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के आवासीय मानचित्र जो नगर निगम में आवेदन किए जाते हैं, उन्हे एक निश्चित अवधि में स्वीकृत कराने के आदेश प्रदान करे। साथ ही जिस कार्मिक की बेवजह की गई टिप्पणी से विलम्ब होता है, उनका दायित्व निश्चित करें।

हिमांशु कुमार पहुंचे शाहपुरा

शाहपुरा। प्रख्यात गांधीवादी कार्यकर्ता हिमांशु कुमार जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों के अधिकारों और मानवाधिकारों के लिए, अपने संघर्ष के लिए जाने जाते हैं। हिमांशु कुमार ने दंतेवाड़ा में 1992 से 2009 तक 'वनवासी चेतना आश्रम' का संचालन किया, जहां उन्होंने आदिवासियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में स्वास्थ्य, साक्षरता और मानवाधिकार जागरूकता पर बड़े पैमाने पर काम किया।सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान मानवाधिकार हनन के खिलाफ़ अपनी आवाज बुलंद की है। हिमांशु कुमार सद्भावना को समर्पित यात्रा देशभर में राजघाट, नई दिल्ली से मुंबई की साइकिल यात्रा कर रहें हैं। जिसके चलते हिमांशु कुमार अमर शहीद बारहठ त्रिमूर्ति स्मारक, शाहपुरा पहुंचे। इस दौरान उनका कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

फॉगिंग की मांग

मदनगंज-किशनगढ। वार्ड नं 25 पार्षद प्रतिनिधि ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौपकर मच्छरों से बचाव के लिये फॉगिंग कराने की मांग की। पार्षद प्रतिनिधि पंकज पहाड़िया ने आयुक्त सीता वर्मा को जरिये ज्ञापन अवगत कराया की वार्ड में समय पर सफाई के साथ नाला नालियों की सफाई नहीं होने से झुंड के रूप में मच्छर पनपने लगे, इससे वार्डवासी मौसमी बीमारियों से ठासित हो रहे है। फॉगिंग कराने से मच्छरो के प्रकोप से निजात मिल सकेगी।

जिला पुलिस लाइन में सशस्त्र परेड हुई

जिला पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि परेड को शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

ब्यावर (निसं) पुलिस शहीद दिवस के उपलक्ष में जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि परेड को शहीदों के परम कर्तव्य की गाथा के नाम संबोधन किया। राजस्थान सरकार की रक्तदान एडवाइजरी को समस्त पुलिसकर्मी, अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संस्था, जिला पुलिस के थाना अधिकारी, स्टाफ गण व अन्य समस्त शाखाओ को रक्तदान की शपथ दिलाई।

परेड कमांडर रतनसिंह तंवर आरआई पुलिस लाइन, प्लाटून कमांडर लक्ष्मण आरएसी, नारायणसिंह सब इंस्पेक्टर व उनकी टुकड़ी द्वारा सशस्त्र श्रद्धांजलि स्वरुप फायरिंग के साथ समस्त कर्मचारियों,अधिकारियों व राजस्थान पुलिस सेवा निर्मित कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सुरेश काठात, संरक्षक शांतिलाल व अन्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी,अधिकारी वरिष्ठ नागरिकों व शहीदों की वीरांगना द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह द्वारा स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया गया। एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा वृताधिकारी मसूदा सज्जन सिंह, एडिशनल एसपी शाखा इमरान खान ,हेड कांस्टेबल महेंद्रसिंह, एमटी शाखा, भारतराम हेड कांस्टेबल, कोत प्रभारी रामगोपाल शर्मा विधि न्याय शाखा ,रामचंद्र बिश्नोई हेड कांस्टेबल, रीडर एडिशनल एसपी सिटी व अन्य कुल 53 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया।लाईफ लाईन रक्तदाता ठ्ुप फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश संयोजक गोपालसिंह द्वारा भी18वां रक्तदान किया गया। संस्था प्रधान लक्ष्मण सामरिया पुलिसकर्मी, प्रधान महासचिव मनोज बारूपाल, राष्ट्रीय समन्वयक निर्मला सामरिया, राष्ट्रीय महिला समन्वयक भारती बारूपाल, प्रदेश रक्तदान विंग प्रभारी महावीर कुमावत, ब्यावर नगर संयोजक मिकी सलूजा, बिरजूलाल भाटी आदि ने रक्तदान में अपनी सेवाएं प्रदान की। रक्त संठाहण राजकीय अमृत कौर ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर रविंद्र, काउंसलर आयशा बेनजीर, रमेशचौधरी, वैभव शर्मा आदि नर्सिंग कर्मियों द्वारा किया गया व समस्त पुलिसकर्मी रक्तदाताओं को रक्तदान सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।